



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

अगस्त – 2022

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- **उपलब्धियाँ**
- **सराहनीय कार्य**
- **आगामी गतिविधियाँ**
- **कल्याणकारी कार्य**

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### पुलिस रेडियो कार्मिकों की समस्याओं का समाधान

- दिनांक 13.07.2022, 19.07.2022 एवं 22.07.2022: श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के समक्ष उपस्थित होकर अराजपत्रित कार्मिक अपनी समस्यायें रखते रहते हैं। उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय व लखनऊ में स्थित कार्यालयों के अराजपत्रित कार्मिकों को दूरस्थ जनपदों एवं वाहिनियों में नियुक्त कार्मिकों की अपेक्षा अपनी समस्याओं को व्यक्त करने व उनके समाधान में सहूलियत रहती है।

दूरस्थ जनपदों एवं वाहिनियों में नियुक्त अराजपत्रित कार्मिकों की कठिनाइयों को व्यक्तिगत रुप से सुनने एवं उनके समाधान के दृष्टिगत श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा प्रदेश के जनपदों/वाहिनियों में नियुक्त अराजपत्रित कार्मिकों को उनकी कठिनाई व्यक्त करने के आशय से विशेष रुप से दिनांक 13.07.2022, 19.07.2022 एवं 22.07.2022 को रेडियो मुख्यालय, लखनऊ आने की अनुमति प्रदान की गयी।

श्री गुप्ता द्वारा उक्त तिथियों में जनपदों/वाहिनियों से आये लगभग 100 अराजपत्रित कार्मिकों में से प्रत्येक कार्मिक से उसकी समस्या के बारे में जानकारी की गयी और समाधान योग्य कठिनाईयों का मेरिट पर तत्काल समाधान कराया गया। पूर्वगामी तिथि से वेतन निर्धारण जैसी समस्याओं का प्राथमिकता पर समयबद्धता के साथ समाधान करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।





## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 16.07.2022 | कानपुर नगर, जालौन |
| 07.07.2022 | वाराणसी |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 07.07.2022 | वाराणसी |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 12–14.07.2022 | गोरखपुर |
| 07.07.2022 | वाराणसी |
| 05.07.2022 | वाराणसी, चित्रकूट |
| 01.07.2022 | गोरखपुर |

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः एफ–391/2022(बाढ़) दिनांक 28.07.2022 द्वारा संयुक्त सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 1841/छः–पु0–16–22–1100(12)/2018 दिनांक 26.07.2022 के माध्यम से उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में स्थापित 113 बेतार केन्द्रों के हर समय चालू रहने व राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर बाढ़ राहत कण्ट्रोल रूम 24X7 एक्टिव मोड में रहने के सम्बन्ध में सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश पत्र संख्याः सी/एडीजी–1/2022 दिनांक 26.07.2022 द्वारा श्री जुगुल किशोर, आई.पी.एस., पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार के स्थानान्तरण पर पुलिस रेडियो मुख्यालय में आगमन के फलस्वरूप, उनके द्वारा उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय को निर्धारित कार्यों का निष्पादन अग्रिम आदेशों तक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश पत्र संख्याः सी/एडीजी –1/2022 दिनांक 26.07.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार, मुख्यालय एवं निम्नलिखित उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार के मध्य प्रदेश के पुलिस ज़ोन की संचार व्यवस्था के पर्यवेक्षण विषयक आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्यहित में उन्हें, उनके नाम के सम्मुख अंकित पुलिस ज़ोन की संचार व्यवस्था का दायित्व निम्नानुसार सौंपा गया है– 1. श्री जुगुल किशोर, पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसचांर, मुख्यालय–वाराणसी एवं प्रयागराज ज़ोन, 2. श्री सुनील कुमार सिंह, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार–मेरठ, आगरा एवं बरेली ज़ोन के स्थान पर मेरठ एवं आगरा ज़ोन, 3. श्री सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार–वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर ज़ोन के स्थान पर कानपुर एवं बरेली ज़ोन, 4. श्रीमती सुनीता शर्मा, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार –लखनऊ एवं कानपुर ज़ोन के स्थान पर लखनऊ एवं गोरखपुर ज़ोन।
- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः ई–146/2011–15(पार्ट) दिनांक 26.07.2022 द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव की राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की दिनांक 11.07.2022 को आहूत बैठक के कार्यवृत्त के संदर्भ में जनपदों में स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सक्रिय कराते हुए इनका उपयोग आजादी का अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार में किये जाने के सम्बन्ध में जनपदों के पी0ए0 सिस्टम को कार्यशील बनाये रखने हेतु संचालन एवं अनुरक्षण के लिए निर्गत एस0ओ0पी0 संख्याः ई–146/2010 दिनांक 20.09.2013 का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश पत्र संख्याः सी/एडीजी–1/2022 दिनांक 18.07.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन के सम्बन्ध में पूर्व में पारित ओदशों/आवंटित कार्यों में आंशिक संशोधन करते हुए निम्न प्रकार कार्य आवंटित किया गया है– 1. श्री सुनील कुमार शुक्ला, राज्य रेडियो अधिकारी–राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन/प्रशिक्षण के स्थान पर राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन, 2. श्री राम कमल सिंह, सहायक रेडियो अधिकारी– सहायक रेडियो अधिकारी, साइफर के स्थान पर सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश पत्र संख्याः सी/एडीजी –1/2022 दिनांक 18.07.2022 द्वारा कार्यालय के पूर्व आदेश पत्र संख्याः सीए/एडीजी–1 (34)/2015 दिनांक 23.07.2015 के क्रम में उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्राविधिक द्वारा पूर्वानुसार ही उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के लिंक अधिकारी के रूप में अग्रिम आदेश तक कार्य किये जाने एवं समसंख्यक आदेश पत्र दिनांक 01.07.2022 द्वारा राजपत्रित अधिकारियों के आवंटित कार्यों में संशोधन करते हुए श्री सुनील कुमार शुक्ला, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन द्वारा प्रशासनिक शाखा के अतिरिक्त प्रतिसार शाखा का भी पर्यवेक्षण करने एवं प्रतिसार एवं कार्मिक शाखा के कार्यों से सम्बन्धित पत्रावलियों को परीक्षणोपरान्त सीधे अधोस्ताक्षरी के समक्ष आदेशार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।
- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के कार्यालय ज्ञाप संख्याः जीसी–।।–मेमो– 2022 दिनांक 18.07.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में कतिपय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने सेवा सम्बन्धी मामलों के सम्बन्ध में अपने परिजनों एवं सगे–सम्बन्धियों व अन्य माध्यम से प्रार्थनापत्र प्रेषित कराये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 के नियम–27 एवं नियम–27 क का उल्लेख करते हुए उक्त प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपने सेवा से सम्बन्धित मामलों आदि के सम्बन्ध में अपने कुटुम्ब के सदस्यों के बजाय स्वयं अपनी तरफ से ही अपना प्रार्थनापत्र सम्बन्धित अधिकारी को संयमित एवं समुचित भाषा का प्रयोग करते हुए भेजने हेतु निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश पत्र संख्याः सी/एडीजी –1/2022 दिनांक 16.07.2022 द्वारा पूर्व निर्गत समसंख्यक आदेश पत्र दिनांक 01.07.2022 द्वारा राजपत्रित अधिकारियों को आवंटित कार्यों में संशोधन/अतिक्रमित करते हुए श्री सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) द्वारा अब प्रशिक्षण केन्द्र का पर्यवेक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश पत्र संख्याः सी/एडीजी –1/2022 दिनांक 01.07.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त निम्नलिखित राज्य रेडियो अधिकारी को उनके नाम के सम्मुख अंकित पर्यवेक्षण विषयक आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्यहित में निम्नुनसार दायित्व निम्नानुसार सौंपा जाता है– 1. श्री सुनील कुमार शुक्ला, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के स्थान पर राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन एवं प्रशिक्षण, 2. श्री रविन्द्र सिंह सैनी, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण के स्थान पर राज्य रेडियो अधिकारी, प्राविधिक।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश पत्र संख्याः सी/एडीजी –1/2022 दिनांक 01.07.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के लिंक अधिकारियों के विषयक में पूर्व में निर्गत आदेशों को अतिक्रमित लिंक अधिकारी का निर्धारण निम्नानुसार किया जाता है– 1. उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय–उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्राविधिक, 2. उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन–उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय एवं 3. उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्राविधिक–उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश पत्र संख्याः सी/एडीजी –1/2022 दिनांक 01.07.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त राज्य रेडियो अधिकारी के लिंक अधिकारियों के निर्धारण विषयक पूर्व में निर्गत आदेशों को अतिक्रमित करते हुए लिंक अधिकारी का निर्धारण निम्नानुसार किया जाता है– 1. राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन–राज्य रेडियो अधिकारी, प्राविधिक, 2. राज्य रेडियो अधिकारी, प्राविधिक–राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन।

## कल्याणकारी कार्य

- पलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जुलाई–2022 में 238 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## पदोन्नति

- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–755/2021 दिनांक 01.07.2022 द्वारा निम्न 03 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 1070/ अलाउद्दीन अंसारी, चित्रकूट, 2. 1796/अरूण कुमार मिश्र, बहराइच एवं 3. 1374/बृजेश कुमार गिरि, रेडियो मुख्यालय।

## श्रद्धान्जलि

- जनपद इटावा में नियुक्त प्रधान परिचालक/ 5344, अवधेश कुमार यादव का दिनांक 01.07.2022 का असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक उक्त असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उक्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## सेवानिवृत्ति

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा उ0प्र0 पुलिस के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनको ससम्मान विदाई की स्वस्थ परम्परा के अनुसरण में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के अर्द्ध शासकीय पत्र संख्याः डीजी–15/2015 दिनांकः मार्च 06, 2015 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर शालीन कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

2. उक्त स्वस्थ परम्पराओं के निर्वहन क्रम में पुलिस रेडियो मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों की सेवानिवृत्ति पर ससम्मान विदाई की व्यवस्था बनायी गयी जिसके अनुसार–

(1) विदाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी, उसके एक सहकर्मी व उसके पर्यवेक्षणकर्ता प्रभारी अधिकारी के साथ–साथ मुख्यालय पर तत्समय उपस्थित सभी राजपत्रित अधिकारी भी सम्मिलित होंगे।

(2) कार्यक्रम शालीनता एवं सादगीपूर्ण रीति से सम्बन्धित की सेवानिवृत्ति के पूर्व कार्य दिवस में सामान्यतः अपरान्ह 1700 बजे आयोजित किया जाना निर्देशित किया गया है।

(3) विभागाध्यक्ष द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक को सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करने विभागाध्यक्ष के उपलब्ध न होने की स्थिति में निदेशक (दूरसंचार) द्वारा एवं निदेशक (दूरसंचार) के उपस्थित न होने की स्थिति में उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय द्वारा यह कार्य किया जाना निर्धारित किया गया है।

(4) सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक का पुष्पों द्वारा सम्मान विभागाध्यक्ष (अथवा उपस्थित वरिष्ठतम अधिकारी), उसके पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी एवं उसके सहकर्मी, जो कार्यक्रम में उपस्थित होंगे, के द्वारा किया जायेगा।

उक्त व्यवस्था वर्तमान माह जुलाई–2022 से कार्यान्वित कर दी गयी है जिसके अनुसार जुलाई–2022 में रेडियो मुख्यालय/लखनऊ से सेवानिवृत्त हुए 08 अधिकारियों/कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गयी। आगामी विदाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के परिजनों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जुलाई–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 35 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी– 1. सहायक रेडियो अधिकारी (ज्येष्ठ वेतनमान), श्री सैयद जिया अब्बास रिजवी, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो निरीक्षक, श्री राम औतार, कानपुर नगर, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पंकज कुमार, अमरोहा, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वहीद खॉ, गाजियाबाद, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कौशल कुमार, बरेली, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उदय शंकर शाही, प्रयागराज, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जितेन्द्र नारायण लाल, रायबरेली, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मेराज रसूल, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वीर प्रताप चौधरी, रेडियो मुख्यालय, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लक्ष्मी रमन, झॉसी, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 रऊफ, झॉसी, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिनेश कुमार पाण्डेय, संतरविदासनगर, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हेमन्त कुमार तिवारी, बांदा, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मुहम्मद अदनान, सहारनपुर, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कुतुबद्दीन, कौशाम्बी, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव पूजन सिंह, रेडियो मुख्यालय, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नाजर सिंह, कानपुरनगर, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बाबू लाल कमलबंशी, कानपुरनगर, 19. रेडियो निरीक्षक, श्री चमरा उरॉव, 48वीं वहिनी पीएसी, सोनभद्र, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राकेश कुमार बाजपेयी, लखनऊ, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रणजीत सिंह, मुजफ्फरनगर, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार सिंह, सुल्तानपुर, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विजय कुमार त्रिपाठी, लखनऊ, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मोहम्मद अफ्तार खॉ, रामपुर, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भूपेन्द्र सिंह, महराजगंज, 26. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सतीश कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय, 27. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उदय वीर सिंह सागर, मुरादाबाद, 28. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम दरश पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 29. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिवनाथ सिंह, मऊ 30. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राकेश मणि तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 31. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विनय प्रकाश श्रीवास्तव, 44वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ, 32. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सतीश कुमार, मुरादाबाद, 33. कर्मशाला कर्मचारी, श्री नरेन्द्र प्रकाश तिवारी, बलिया, 34. संदेशवाहक, श्री प्रमोद कुमार नाई, फिरोजाबाद एवं 35. संदेशवाहक, श्री राम गोपाल, खीरी।

## आजादी का अमृत महोत्सव

• पुलिस महानिदेशक एवं राज्य पुलिस प्रमुख, उ0प्र0 के अ0शा0 पत्र संख्याः बीस–183 / 2022 दिनांक 16.07.2022 द्वारा स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक मनाये जाने के सम्बन्ध में समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ0प्र0 को कार्ययोजना प्रेषित की गयी है। कार्ययोजना के अन्तर्गत मुख्य रुप से श्रमदान एवं साफ–सफाई अभियान, झण्डा लगाना, पुलिस का प्रातः हाफ मैराथन, महिला पुलिस कर्मियों व बच्चों के लिये मैराथन, बच्चों का सम्मान, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों तथा 75 अच्छे काम करने वाले जवानों का सम्मान, वीर रस संध्या आदि कार्यक्रम सम्मिलित हैं।

• पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याःडीजी–आठ–96(14)2022 दिनांक 23.07.2022 द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव की राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की दिनांक 11.07.2022 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त उपलब्ध कराते हुए बैठक के कार्यवृत्त में अंकित बिन्दुओं पर अग्रेतर कार्यवाही कराने की अपेक्षा समस्त पुलिस आयुक्त, जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक आदि से की गयी है।

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग–12)

### स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

### डायल-100

• दूरभाष उपकरणों के विस्तार के और जन सामान्य की समस्याओं के त्वरित समाधान की दृष्टि से सन् 1961 में लखनऊ में उत्तर प्रदेश का पहला नगर नियंत्रण कक्ष खोला गया। तदोपरान्त नगर नियंत्रण कक्षों में 100 नम्बर का एक टेलीफोन लगाया गया जिस पर कोई भी व्यक्ति अपनी परेशानी बता सकता था और उसकी परेशानी एक रजिस्टर में नोट करके वायरलेस द्वारा सम्बन्धित थाने या चौकी को जरिये वायरलेस सेट / टेलीफोन बताकर परेशानी का समाधान कराया जाता था। 100 नम्बर पर कॉल निःशुल्क होती थी। इस व्यवस्था में कन्ट्रोल रुम के स्वयं के वाहन न होने के कारण, परेशान व्यक्ति तक पुलिस के पहुँचने में, विलम्ब होता था क्यों कि थाने के वाहन से जाकर पुलिस कर्मी समस्या का समाधान कराते थे। वर्ष 2013–14 में इस व्यवस्था को उच्चीकृत करके 04 जनपदों में कम्प्यूटर ऐडेड डिस्पैच (CAD) आधारित मॉडर्न कन्ट्रोल रुम की स्थापना की गयी। यह कन्ट्रोल रुम अपने स्थापना के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रहे। वर्ष 2016 में डायल 100 की व्यवस्था एकीकृत रुप से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में लागू की गयी जिसे यूपी 100 नाम दिया गया है। कालान्तर में दिनांक 26.10.2019 को यूपी 100 की व्यवस्था को देशव्यापी 112 के साथ जोड़ दिया गया है।

### मॉडर्न कण्ट्रोल रूम

• समाज में पीड़ित व्यक्ति की सूचना पर पूर्ण पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ समयबद्ध पुलिस सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के चार महानगरों में वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में (कानपुर–फरवरी 2014, लखनऊ–अक्टूबर 2014, प्रयागराज–मार्च 2015 एवं गाज़ियाबाद–मार्च 2015) मॉडर्न कन्ट्रोल रूम की स्थापना करायी गयी। इनमें से जनपद लखनऊ एवं गाज़ियाबाद के कन्ट्रोल रूम के रिस्पांस टाइम एवं कार्य संचालन उल्लेखनीय रहा है।

इस प्रणाली के माध्यम से पुलिसजन की जवाबदेही तय करने के साथ ही पीड़ित को त्वरित सहायता पहुँचायी गयी। यह कार्य "कैड प्रणाली" के माध्यम से किया गया। "कैड प्रणाली" पुलिस से सहायता प्राप्त करने सम्बन्धी नवीनतम प्रणाली है। इस प्रणाली में एक इण्टरनेट प्रोटोकॉल क्लाउड के माध्यम से टेलीफोन, मोबाइल, डब्ल्यू.एल.एल., ई–मेल, एस.एम.एस., सी.सी.टी.वी., अलार्म, जी.पी.एस. को जोड़ा जाता है। "कैड प्रणाली" 24 घण्टे कार्यशील आपात प्रणाली के रुप में विकसित की गयी है। सामान्यजन कभी भी टेलीफोन, मोबाइल, डब्ल्यू.एल.एल., ई–मेल, एस.एम.एस. के माध्यम से कण्ट्रोल रुम को अपनी व्यथा से अवगत कराकर पुलिस सहायता माँग रहा है। कण्ट्रोल रुम ऑपरेटर अपने सामने लगे कम्प्यूटर स्क्रीन पर सभी गतिविधियों को सुन व देख सकता है। कॉलर की बात सुनना, विवरण टाइप / क्लिक करना, गश्ती दल को घटना स्थल हेतु रवाना करना, कार्यवाही के उपरान्त फीडबैक रिपोर्ट इत्यादि गतिविधियाँ कम्प्यूटर पर देखी / सुनी / रिकॉर्ड की जाती हैं। क्षण–प्रतिक्षण की सभी कार्यवाही जी.पी.एस. प्रणाली के माध्यम से कन्ट्रोल रुम में बैठे सुपरवाइज़र द्वारा देखकर गश्ती दल को आवश्यक निर्देश भी दिये जाते हैं। "कैड प्रणाली" के माध्यम से आपात पुलिस स्कीम के साथ–साथ पूर्व निर्धारित पुलिस स्कीम भी प्रभावशाली रीति से लागू की जा सकती हैं तथा उनके अनुपालन की स्थिति का अनुश्रवण भी किया जा सकता है।




भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त 12 लेखों की यह श्रृंखला प्रस्तुत की गयी है। आशा है, आप ऐसे अन्य सार्थक लेख श्रृंखलाओं के सम्बन्ध में अपने प्रगतिशील विचारों से संगठन को लाभान्वित करेंगे।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।